# आनासागर झील के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है : जल संसाधन मंत्री

## पेयजल को लेकर 2053 की कार्य योजना बना रही सरकार : सुरेश सिंह रावत

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सोमवार को ''वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान'' के तहत अजमेर में चल रहे आनासागर झील की सफाई एवं खुदाई कार्य में स्वयं श्रमदान करते हुए आमजन को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रावत ने कहा कि गत तीन दिनों से चल रहे इस महाअभियान में अजमेर के समस्त नागरिकों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आमजन एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई है। उन्होंने इस अभूतपूर्व जनसहयोग के लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ''वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान'' के तहत अजमेर की आनासागर झील में श्रमदान किया।

मंत्री रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 5 जून से 20 जून तक पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न जलाशयों पर पहुँचकर जल संरक्षण की महत्ता को रेखांकित कर रहे हैं। अजमेर में भी जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से यह अभियान प्रभावी रूप से संपन्न हो रहा है। रावत ने जल स्त्रोतों के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि बावड़ियों, तालाबों, झीलों एवं बांधों को अतिक्रमण मुक्त रखते हुए उनके संरक्षण हेतु जनजागरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आनासागर झील वर्षों से प्रदूषण एवं अतिक्रमण की मार झेल रही है, लेकिन वर्तमान सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आनासागर झील के सफाई व खुदाई कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया चल रही है और आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व इसमें वृहद कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि झील में सीवरेज जल का प्रवाह पूर्णतया अनुचित है, इसे रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकाय के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान व्यर्थ बहने वाले पानी को संरक्षित करने हेतु पुष्कर के समीप एनीकट निर्माण कर जल संरक्षण एवं फॉरेस्ट डेवलपमेंट के कार्य किए जाएंगे।

2053 की कार्य योजना बना रही सरकार :-रावत ने बताया कि अजमेर जिले में श्रीनगर के समीप मोर सागर नामक कृत्रिम बांध का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। इसका वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात अजमेर, ब्यावर सहित सम्पूर्ण जिले की भविष्य की जलापूर्ति आवश्यकताओं को सन् 2053 तक ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए बीसलपुर से लिफ्ट सिस्टम के माध्यम से जल भंडारण किया जाएगा।

मंत्री रावत ने बताया कि जिले के अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार तथा नए एनीकटों के निर्माण का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। साथ ही अजमेर से सटे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बीर का तालाब के सौंदर्यकरण एवं पर्यटक सुविधाओं के विकास हेतु तीन करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। समापन पर मंत्री रावत ने समस्त नागरिकों से अपील की कि जल संरक्षण को एक सतत जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं ताकि भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# महिलाओं ने मनरेगा में काम देने में भेदभाव का आरोप लगाया

- **सीईओ को ज्ञापन सौंपा, महिलाओं ने गांव में पानी की समस्या की भी शिकायत की**
- **महिलाओं ने सीईओ से मनरेगा में काम दिलाने और गांव में पानी की व्यवस्था किये जाने की मांग की**

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के ग्राम पंचायत तुहिया के गांव भाडोर की महिलायें जिला परिषद कार्यालय पहुंची, जहां अपनी समस्याओं को लेकर सीईओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि उनके गांव में अन्य गांव की तरह मनरेगा का काम पूरे साल नहीं चलता, एक साल में एक बार चलता है फिर भी उन्हें काम नहीं दिया जाता। इसके अलावा महिलाओं ने गांव में पानी की समस्या की शिकायत की।

महिलाओं का आरोप है कि मनरेगा में काम देने में उनके साथ भेदभाव किया जाता है, जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, गांव में पीने के पानी का संकट है,गांव में एक ही पानी का टैंकर आता है जिसके लिए भी लोगों में खींचतान और झगड़े होते हैं। महिलाओं ने जिला कार्यकारी अधिकारी से मांग की है कि उन्हें मनरेगा में काम दिलाया जाए और गांव में पानी की व्यवस्था की जाए।

गांव की महिला अनीता ने बताया कि गांव भाडोर में अन्य गांव की तरह यहां मनरेगा का काम नहीं होता, जिससे आर्थिक स्थिति से जूझ रहे परिवारों के सामने रोजगार नहीं मिलने से जीवन-यापन में संकट पैदा होता है। उनके गांव में एक साल में एक बार ही मनरेगा का काम होता है। उसमें भी उनके साथ भेदभाव किया जाता है। गांव की अन्य महिला श्यामवती ने बताया कि उनके गांव में दूसरी सबसे बड़ी समस्या पानी है। गांव में खारा पानी है पीने के लिए एक टैंकर आता है। इसके पानी के लिए आपस में मारामारी हो जाती है। कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। दोनों मांगों को लेकर के जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन दिया है और मांग की है कि उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

# पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। नारियल तोड़ते समय पेड़ से गिरने पर युवक की मौत हो गई। धरियावद प्रतापगढ़ हाल भीलों का बेदला निवासी नारायण (23) पुत्र शंकर मीणा सोमवार सवेरे मकान के पास स्थित नारियल के पेड़ पर चढ़कर नारियल तोड़ रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर निचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई सुनिल विश्नोई ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने गस्त सायबर ठगी के आरोपी संजय उर्फ विक्की मीणा को गिरफ्तार कर उसके पास से एक एंड्राइड मोबाइल मय सिम कार्ड जब्त किया गया है। सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल भवानी शंकर व संतोष कुमार की टीम ने सायबर क्राइम से प्राप्त लोकेशन के आधार पर गांव श्यामोता पहुंचकर साक्ष्य मिलने पर मोबाइल चेक से प्राप्त लोकेशन के आधार पर एप्लीकेशन, इंस्टाग्राम की आईडी से ऑनलाइन क्रिकेट, प्रेडिक्शन व ट्रेडिंग करने की पोस्ट टेलीग्राम व व्हाट्सएप आदि में विभिन्न मोबाइल नंबरों पर रुपए डबल करने का लुभावना ऑफर अनजान ग्राहक को ट्रैकिंग कर फर्जी बिल, फर्जी इन्वेस्ट के प्लान को दिखाकर राशि के नाम पर अनजान ग्राहकों से धोखाधड़ी कर रुपए हडपने का अनुचित लाभ प्राप्त किए जाने पर आरोपी संजय उर्फ विक्की मीणा को गिरफ्तार किया।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से अवैध शराब की ब्रांचों को बंद कराने की मांग की

## ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र सिंह खड़गावत को ज्ञापन दिया

- **अवैध शराब की दुकानों के आस-पास बैठकर शराब पीने के कारण क्षेत्र की महिलाओं का इन क्षेत्रों से गुजरना दूभर हो गया है**

**मसूदा,** (निसं)। शराब की अवैध ब्रांच को तुरंत प्रभाव से बंद करने को लेकर ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र सिंह खड़गावत को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पीपलाज के राजस्व ग्राम रूपारेल, नाडी रूपारेल, फतेहगढ़, अमृतपुरा आदि क्षेत्रों में पिछले दह माह से लगभग 7-8 चोरी, लड़ाई-झगड़े, मारपीट के मुकदमे थाना सदर ब्यावर में दर्ज हुए हैं, जिसका मुख्य कारण इन क्षेत्रों में पूरी रात को खुली रहने वाली अवैध शराब की ब्रांचें है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि इन ब्रांचों में आये दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है तथा इन लोगों का क्षेत्र में इतना आतंक है कि इनके खिलाफ कोई भी व्यक्ति बोल ही नहीं पाता है। इन लोगों द्वारा दिन में ही इन अवैध शराब की दुकानों के आस-पास बैठकर शराब पीने के कारण क्षेत्र की महिलाओं का इन क्षेत्रों से गुजरना दूभर हो गया है। इन ब्रांचों के कारण क्षेत्र में सदैव तनाव का महौल बना रहता है तथा आये दिन झगड़ होते रहते हैं।

ग्रामवासियों ने कलेक्टर से कहा कि क्षेत्र की अवैध ब्रांचों को तुरन्त प्रभाव से बन्द करवाने हेतु कानूनी कार्यवाही कराने ताकि क्षेत्र के नागरिकों को राहत मिल सके, जिसमें (1) बन्नाजी चीता की ब्रांच रानीसागर रिको, (पीपलाज), (2) श्रवण की दुकान (वेलकम होटल) रानीसागर रिको, खरवा, (3) साबीर की दुकान, मुख्य चौराहा, रूपारेल (4) कुलदीप की दुकान, रिको (5) रामपाल पुत्र दलेल मस्जिद के पास, अमृतपुरा पीपलाज (6) मनोहर फौजी अमृतपुरा स्कूल के पास, अमृतपुरा पीपलाज। ग्रामवासियों ने कहा कि उपरोक्त सभी 6 ब्रांचों को तुरन्त प्रभाव से बन्द करवाया जावे अन्यथा क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था भंग होने की संभावना बनी रहेगी। ज्ञापन देने के दौरान नेनु, बिरम, शंकर, तेजा, भंवर, रोशन, रमजान, श्रवणसिंह, चेतन सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला की हत्या कर शव को जंगल में फंदे पर लटकाया, आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी युवक का विधवा महिला से सम्पर्क था, विवाद होने पर महिला की हत्या कर दी**
- **महिला के पति का पांच साल पहले निधन हो चुका है**

**उदयपुर,** (का.सं.)। सायरा थान पुलिस ने सोमवार को एक महिला की हत्या कर शव को जंगल में फंदे पर लटकाने के मामले का मात्र तीन घंटे में खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक का इस विधवा महिला से सम्पर्क था और विवाद होने पर उसने महिला की हत्या कर दी थी।

जानकारी के अनुसार उदयपुर के सायरा थाना क्षेत्र के चित्रावास गांव स्थित सरिया फला में सोमवार सुबह एक विधवा महिला का शव घर से करीब 100 मीटर दूर एक चट्टान पर मिला। महिला के गले में लगे फंदे में एक लकड़ी भी बंधी हुई थी। सायरा थानाधिकरी किशोर सिंह शेखावत जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक महिला की पहचान सविता गरासिया (35) पत्नी स्व. जोगाराम गरासिया, निवासी सरिया, चित्रावास के रूप में हुई। मृतका के ससुर मसरू पुत्र मंशाराम गरासिया निवासी सरिया, चित्रावास ने बताया कि महिला रात्रि में घर पर ही थी, सुबह उसकी बेटी ने बताया कि माँ घर पर नहीं है, जिस पर उसे ढूंढने गए तो मंगरी पर उसका शव पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि महिला के पति जोगाराम की मौत हो चुकी है और वह बच्चों सहित ससुर के साथ घर पर रहती है।

चित्रावास गांव के सरपंच किरण गरासिया ने बताया कि मृतक महिला के पति जोगाराम का पांच साल पहले निधन हो चुका है। वे बीमार थे। महिला मनरेगा में मजदूरी करते हुए अपने तीन बच्चों को पाल रही थी। इनमें सबसे छोटा 6 साल का लड़का और 10 व 15 साल की दो लड़कियां हैं। मां की मौत के बाद अब बच्चे अकेले हो गए हैं। तीनों बच्चे अपनी मां के पास रोज की तरह रात को सोए थे। जब वे सुबह उठे तो उनके पास मां नहीं थी। बच्चों ने आस-पड़ोस में सूचना दी। जिसके बाद इधर-उधर मां की तलाश की गई तो घर से करीब 100 मीटर दूरी पर एक चट्टान पर महिला का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान करते करते हुए पता चला कि एक युवक परदाराम का महिला घर आना-जाना था। इस पर उस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई उसने महिला से विवाद होने पर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसन्धान शुरू कर दिया है।

# डॉ. सक्का ने दो मिमी लंबा स्वर्ण निर्मित बोइंग 787 मॉडल बनाया

- **अहमदाबाद प्लेन क्रैश के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के स्वर्ण शिल्पी डॉ. इकबाल सक्का ने अपनी कला से मानवता और संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करते हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों और स्टाफ को श्रद्धांजलि देते हुए सोने से सबसे छोटा बोइंग 787 विमान बनाया है।

उदयपुर निवासी सौ से अधिक विश्व रिकॉर्ड होल्डर सक्का ने बताया कि सोने से बनाए इस विमान की खास बात है कि इसकी लंबाई मात्र दो मिलीमीटर है। इसे केवल लैंस की मदद से ही देखा जा सकता है। इसका वजन 100 मिलीग्राम है। इसे तैयार करने में तीन दिन का समय लगा। सक्का ने बताया कि यह मॉडल 24 कैरेट शुद्ध सोने से बनाया है। इस स्वर्ण विमान को नीलाम करने के लिए भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि इस विमान की नीलामी से प्राप्त राशि से विमान हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के नाम से एक-एक पेड़ लगाया जाए, ताकि यह न सिर्फ एक श्रद्धांजलि हो, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सार्थक पहल बन सके।



उदयपुर के सूक्ष्म स्वर्ण शिल्पी इकबाल सक्का ने दो मिमी लंबा स्वर्ण निर्मित बोइंग 787 मॉडल बनाया।

# दो लाख के जेवर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लाख के जेवर बरामद किये हैं।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में वृताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी व थाना सदर टोंक थानाधिकारी जयमल सिंह के नेतृत्व गठित टीम ने थाने में दर्ज चोरी व अन्य वारदात में फरार आरोपी रामखिलाडी मीणा व उसके साथी नाहर सिंह को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी किये गये सोने के जेवरात बरामद किये हैं। सदर थाना प्रभारी जयमल ने बताया कि 28 मई की रात बृजविहार कॉलोनी, सवाई माधोपुर रोड स्थित आशा मीणा के मकान में चोरों ने कमरे और अलमारियों के ताले तोड़कर जेवरात और 50 हजार रुपये चुरा लिए थे। मामले में पीड़िता ने थाना सदर टोंक में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने इसकी जांच करते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी सहायता से आरोपियों को नैनवा, बूंदी से पकड़ लिया। पुलिस ने रामखिलाड़ी पुत्र शंकर लाल मीणा उम्र निवासी खोहल्या थाना बनेठा हाल महावीरपुरा थाना नैनवा जिला बूंदी व नाहर सिंह पुत्र कजोड़ हरिजन निवासी बिसनपुरा थाना सैंथल जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। दोनों सुनसान मकानों की रैकी कर रात में वारदात करते थे। पुलिस टीम ने आरोपियों से दो लाख रूपये के जेवरात बरामद किये हैं।



उदयपुर। राजीव गांधी पार्क में आए अजगर को रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। वाइल्ड एंड स्ट्रीट ऐनिमल रेस्क्यू सोसाइटी के फाउंडर डॉ. पदम सिंह राठौड़ ने बताया कि सूचना मिली कि राजीव गांधी पार्क में एक विशालकाय सांप आ गया है तो उन्होंने अपनी टीम के हर्षवर्धन सिंह, प्रशांत और अर्जुन के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो एक अजगर कोने में बैठा हुआ था जो लगभग दस फीट का था। अजगर का रेस्क्यू कर उसे वापस प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

# सांसी समाज के लोगों का कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन

## निर्दोष लोगों को अवैध खनन के दो मामलों में फंसाने का आरोप लगाया




सांसी समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में राजनीतिक दबाव के चलते सांसी समाज को टारगेट करने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों लोगों ने निर्दोष लोगों को अवैध खनन के दो मामलों में फंसाने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया है। सांसी समाज सेवा संस्थान भीलवाड़ा के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि बागौर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर में सांसी समाज के सेवादार पेंटर सांसी पुत्र सोहन लाल और कुछ अन्य लोगों को नामजद किया गया है, जबकि वे मौके पर मौजूद नहीं थे। सांसी समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि अवैध खनन करने वाले उदयराम जाट और मूलचंद जाट के साथ-साथ कुछ अन्य लोगों के नाम अवैध खनन की रिपोर्ट में होने के बावजूद, उन्हें राजनीतिक दबाव के चलते गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। इसके विपरीत, हरीश खटीक, ललित जाट, देवनारायण खटीक और शंकरलाल जाट सहित सांसी समाज के लोगों को बेवजह इस मामले में घसीटा जा रहा है। संस्थान ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा और पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# लाखों की चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के वाघपुरा थाना क्षैत्र में मकान में घुसकर चोर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाघपुरा थाना क्षैत्र मादड़ी गांव निवासी लक्ष्मण गुर्जर पुत्र हगजी गुर्जर के मकान की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे चोर 3 लाख 80 हजार रूपये नकदी करीब 16-17 लाख के सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। रात में परिवार सहित लक्ष्मण मकान में सोया था। खिडकी तोड़ कर चोर वारदात कर फरार हो गए। सूचना पर थानाधिकारी वेलाराम ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की।

# बीकानेर में 584 बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाई

**बीकानेर,** (निसं)। यहां इन दिनों सायबर ठगों का जाल गहराता जा रहा है। ताजा कार्रवाई में सायबर पुलिस ने 584 बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाई है, जिनका उपयोग देशभर में सायबर ठगी की रकम को इधर-उधर करने में किया गया। सायबर पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि इन खातों के मालिकों ने मामूली कमीशन या लालच में आकर अपने बैंक खाते किसी रिश्तेदार, दोस्त या अनजान व्यक्ति को सौंप दिए थे, जिससे वे अब खुद मुसीबत में फंस गए हैं।

सायबर पुलिस के अनुसार चार आरोपियों के खातों में करीब 5.5 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ जो विभिन्न राज्यों में सायबर ठगी के मामलों से जुड़ा पाया गया। पकड़े गए आरोपियों में राहुल सिंह, मनमोहन यादव, नाहिद अली और एक युवती गणपति राजपुरोहित शामिल हैं, जिनके खातों का दुरुपयोग सायबर ठगों ने किया। इनमें से एक आरोपी सिम कार्ड बेचने का काम करता था जो लोगों से दो बार अंगूठा लगवाकर उनके नाम पर कई सिमकार्ड निकलवाता था। बाद में इन सिम कार्ड्स का उपयोग फर्जी खातों से पैसे निकालने और ट्रांजेक्शन में किया गया। आरोपी युवती को भी एक गिरोह ने अपने जाल में फंसा कर उसके नाम पर बैंक खाता खुलवाया और सायबर ठगी की राशि को ट्रांसफर करने में उसका और अन्य बैंक खातों का इस्तेमाल किया।

सायबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ अभिषेक राठी के अनुसार, सायबर अपराधी आजकल लोगों को फर्जी कॉल, बिजली कनेक्शन कटने की धमकी, ई-केवाईसी अपडेट कराने, पीडीएफ लिंक भेजने, एपीके फाइल डाउनलोड करवाने जैसे तरीकों से फांसते हैं। राठी ने बताया कि लोगों को कभी भी अपना बैंक खाता, ओटीपी, पासवर्ड, आधार नंबर या अंगूठा किसी को भी नहीं देना चाहिए। मामूली फायदे के चक्कर में लोग अपनी पहचान और वित्तीय सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। बीकानेर में सायबर अपराधियों की सक्रियता तेजी से बढ़ी है और इसका शिकार अधिकांश वे लोग हो रहे हैं जिन्होंने अपनी सतर्कता खो दी है। मामूली लाभ के लिए बैंक खाता या सिम दूसरों को सौंपना अब भारी पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि आमजन जागरूक बनें और सायबर नियमों का पालन करें।

# 43.54 लाख के गबन के आरोपी की नापासर में तलाश

- **नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंटेंट का काम करने वाला गबन कर फरार हो गया था**

**बीकानेर,** (निसं)। महाराष्ट्र के नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंटेंट का काम करने वाला 43.54 लाख रुपए का गबन कर फरार हो गया, जिसकी बीकानेर के नापासर में तलाश की जा रही है। आरोपी नापासर का रहने वाला है और महाराष्ट्र पुलिस उसकी तलाश में आई है, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल पाया है।

नापासर निवासी मुरलीधर मालचंद आसोपा महाराष्ट्र के नागपुर में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के यहां एकाउंट का काम देखता था। व्यवसायी ने 25 जून, 22 को उसे काम पर रखा। इस दौरान मुरलीधर ने व्यवसायी की कंपनी में अकाउंट का काम किया और 3 नवंबर, 2023 को दीपावली के समय गांव जाने के लिए निकला और वापस नहीं लौटा। इस दौरान कंपनी के अन्य कार्मिकों ने अकाउंट चेक किया तो 43,54,653 रुपए का गबन सामने आया। व्यवसायी की ओर से नागपुर के वाडी पुलिस थाने में आरोपी मुरलीधर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया। मुरलीधर इस मामले में फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए वाडी थाने के एसआई यूआर जायेभाये नापासर पहुंचे। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आसोपा के घर गए और उसकी तलाश की, लेकिन, आरोपी नहीं मिला। नापासर पुलिस थाने के एसएचओ लक्ष्मण सुथार ने बताया कि नागपुर पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आसोपा के घर नोटिस चस्पा किया है।